**फाइल सं. 12(3)/रक्षा (समन्वय/डीडीपी). खंड. III**

**भारत सरकार**

**रक्षा मंत्रालय**

**रक्षा उत्पादन विभाग**

**रक्षा (समन्वय/डीडीपी)**

********

कमरा सं. 253-ए, बी विंग,
सेना भवन, नई दिल्ली
दिनांक: 6 जून, 2023

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय: रक्षा उत्पादन विभाग के अधीन योजना एवं समन्वय निदेशालय में निदेशक (पी एंड सी) के पद को भरना - रिक्ति परिपत्र का पुनर्विज्ञापन ।**

अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि रक्षा उत्पादन विभाग, रक्षा मंत्रालय के अधीन योजना एवं समन्वय निदेशालय में वेतन स्तर 13 या वेतन स्तर 14 (एनएफयू ग्रेड के साथ) में निदेशक (पी एंड सी) के एक रिक्त पद को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने के लिए पात्र अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। जहां तक सेवारत सशस्त्र बलों के अधिकारियों का संबंध है, निदेशक (पी एंड सी) के पद के लिए स्थापना मानदंडों को ध्यान में रखते हुए, आवेदक अधिकारी को सेना, वायु सेना और नौसेना के क्रमशः ब्रिगेडियर/एयर कमोडोर/कमोडोर के नियमित/मूल पद पर होना चाहिए । पात्रता शर्तों सहित पद के कर्तव्यों की प्रकृति और अन्य विवरण अनुबंध-I में दिए गए हैं। चयनित अधिकारियों (सिविलियन अधिकारी) के वेतन और सेवा की अन्य शर्तें कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के समय-समय पर यथा-संशोधित का.ज्ञा.सं. 2/29/91-स्था. (वेतन-II), दिनांक 5 जनवरी 1994 के अनुसार विनियमित होंगी ।

2. केवल ऐसे अधिकारियों के आवेदन पर विचार किया जाएगा जो उचित माध्यम से भेजे गए हों और जिनके साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न हों:-

(i) अनुलग्नक- II में निर्धारित प्रोफार्मा में जीवनवृत्त;

(ii) पिछले पांच वर्षों के एपीएआर के साथ अधिकारी का एपीएआर डोजियर या समूह 'क' अधिकारी द्वारा विधिवत रूप से प्रमाणित उनकी स्पष्ट फोटोकॉपी इस प्रमाण पत्र के साथ कि पिछले पांच वर्षों से एपीएआर में कोई "प्रतिकूल टिप्पणी" नहीं हुई है;

(iii) संवर्ग की मंजूरी;

(iv) सतर्कता निकासी;

(v) पिछले दस वर्षों के दौरान अधिकारी पर लगायी गई बड़ी या छोटी शास्ति, यदि कोई हों, का ब्यौरा देते हुए विवरण;

(vi) सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र;

(vii) आवेदन की अंतिम तिथि को आवेदक अधिकारियों की आयु 55 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए; और

(viii) एक प्रमाण पत्र कि चयन की स्थिति में, चयनित अधिकारी को पद भार ग्रहण करने के लिए मूल संगठन द्वारा कार्यमुक्त किया जाएगा ।

3. सभी मंत्रालयों/विभागों/सेना मुख्यालयों से अनुरोध है कि वे इच्छुक और पात्र अधिकारी के आवेदन निर्धारित प्रोफार्मा में श्री शलभ त्यागी, संयुक्त सचिव (पीएंडसी), रक्षा उत्पादन विभाग, रक्षा मंत्रालय, कमरा नंबर 135-ए, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली-110011 को अग्रेषित करें। उपरोक्त पैरा 2 में उल्लिखित आवश्यक प्रमाण पत्र/दस्तावेजों के बिना आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि इस कार्यालय ज्ञापन के जारी होने की तिथि से 45 दिन है।

4. सभी प्राप्तकर्ताओं से अनुरोध है कि इस पत्र का व्यापक प्रचार-प्रसार करें । सेना मुख्यालय के साथ-साथ डीओओ (सी एंड एस) से भी अनुरोध है कि वे उपरोक्त रिक्ति परिपत्र को अपनी संबंधित वेबसाइटों पर अपलोड/विज्ञापित करें । इसे रक्षा उत्पादन विभाग, रक्षा मंत्रालय की वेबसाइट पर हाइपरलिंक 'निविदा एवं नोटिस'-रिक्त परिपत्र-डीडीपी रिक्ति परिपत्र के तहत "रक्षा उत्पादन विभाग के अधीन योजना एवं समन्वय निदेशालय में निदेशक (पीएंडसी) के पद को भरना- रिक्ति परिपत्र जारी करना" के साथ अपलोड किया जाएगा ।

बी. हेम्ब्रम

(बी.के.हेम्ब्रम)
उप सचिव, भारत सरकार
दूरभाष: 23019465

**वितरण: -**

1. रक्षा मंत्रालय का आईएचक्यू (सेना एमएस शाखा/एमएस-3बी, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली
2. वायुसेना मुख्यालय/जेडीपीओ-1, कमरा नंबर 343, वायु भवन, नई दिल्ली-110011
3. एनएचक्यू/डीओपी, 'सी' विंग, सेना भवन, नई दिल्ली-110011
4. डीओओ (सी एंड एस), कोलकाता/नई दिल्ली
5. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग (डीडीपी की वेबसाइट के माध्यम से)
6. डीआरडीओ (निदेशक/कार्मिक), डीआरडीओ भवन, नई दिल्ली
7. डीजीक्यूए, नई दिल्ली
8. <u>संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी:-</u>

(i) अवर सचिव, सीएस-I, प्रभाग, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, दूसरी मंजिल, लोकनायक भवन, नई दिल्ली

(ii) उप सचिव (स्थापना), रक्षा मंत्रालय, सेना भवन, नई दिल्ली

(iii) संयुक्त सचिव (प्रशिक्षण) और सीएओ, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली- 110011

9. सीईओ, डीपीआईटी - डीडीपी की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु

**अनुबंध -।**

1. पद का नाम: निदेशक (योजना एवं समन्वय)

2. पदों की संख्या: एक (01)

3. पद का वर्गीकरण: रक्षा सेवाओं में सिविलियन, समूह 'क' राजपत्रित

4. वेतनमान: वेतन स्तर 13 या वेतन स्तर 14 (एनएफयू ग्रेड के साथ),

5. आयु सीमा: आवेदन की अंतिम तिथि के अनुसार 55 वर्ष।

6. प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति हेतु पात्रता शर्तें :

**सिविलियन अधिकारी**

क. सदृश पद धारण करने वाले अखिल भारतीय सेवाओं या केंद्रीय सिविल सेवाओं (ग्रुप क) के अधिकारी ।

या

ख. रक्षा अनुसंधान एवं विकास, सेवा, आईओएफएस, डीजीक्यूए और रक्षा बलों में सदृश पद धारण करने वाले अधिकारी ।

**सेना अधिकारी**

सेना, वायु सेना और नौसेना से क्रमशः ब्रिगेडियर/एयर कमोडोर/कमोडोर के मूल पद धारण करने वाले सेना अधिकारी ।

7. **प्रतिनियुक्ति की शर्तें:**

(क) प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतः पांच (5) वर्ष से अधिक नहीं होगी, जिसे इस विषय से संबंधित नियमों के अनुसार जनहित में बढ़ाया जा सकता है। प्रतिनियुक्ति की कुल अवधि की गणना के लिए, प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसमें इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य संवर्ग बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि शामिल है, को भी ध्यान में रखा जाएगा।

(ख) प्रतिनियुक्ति पर चयनित अधिकारी का वेतन वर्तमान सरकारी आदेशों/अनुदेशों के अनुसार विनियमित होगा। प्रतिनियुक्ति पर सेवा अधिकारी चयन के मामले में संबंधित सीडीए से अपने वेतन और भत्ते प्राप्त करना जारी रखेंगे।

(ग) उपरोक्त प्रतिनियुक्ति पद के लिए आवेदन करने वाले अधिकारी की इस रिक्ति परिपत्र के जारी होने की तिथि से 05 वर्ष की शेष सेवा होनी चाहिए।

8. तैनाती का स्थान : नई दिल्ली

9. प्रतिनियुक्ति की अवधि: 05 (पांच वर्ष)

10. निदेशक (पीएंडसी), विभागाध्यक्ष, योजना एवं समन्वय निदेशालय के पद के कार्य का विवरण:

(क) निदेशक (योजना और समन्वय) का पद रक्षा उत्पादन विभाग के तहत एक प्रमख नियुक्ति है । निदेशक (पीएंडसी) स्वदेशी रूप से विकसित और उत्पादित सभी उपस्करों के लिए उपयोगकर्ता, डिजाइनर और उत्पादन एजेंसियों के बीच समन्वयक के रूप में कार्य करता है। निदेशक (पीएंडसी) मुख्य रूप से निम्नलिखित से संबंधित कार्य की निगरानी के लिए जिम्मेदार हैं:-

(i) रक्षा उत्पादन विभाग के दृष्टिकोण से पूंजीगत उपस्करों की अधिप्राप्ति के लिए वर्गीकरण के बारे में इनपुट;

(ii) स्वदेशी रक्षा विनिर्माण, मेक इन इंडिया, रक्षा उत्पादन बोर्ड;
(iii) पूंजीगत अर्जन के मेक-I/मेक-II से संबंधित मामले;
(iv) रक्षा उत्पादन नीति के विभिन्न पहलुओं का कार्यान्वयन;
(v) सार्वजनिक क्षेत्र के विभिन्न रक्षा उपक्रमों के कार्यनिष्पादन का मूल्यांकन ।

(ख) योजना एवं समन्वय निदेशालय के अधीन विभिन्न प्रभाग निदेशक (पीएंडसी) के माध्यम से कार्यात्मक रूप से संबंधित संयुक्त सचिव जैसे पूर्ववर्ती आयुध निर्माणी परियोजनाओं के लिए संयुक्त सचिव (भूमि प्रणाली), मिसाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स परियोजनाओं के लिए संयुक्त सचिव (पी एंड सी), सभी नौसेना परियोजनाओं के लिए संयुक्त सचिव (नौसेना प्रणाली), एयरो सिस्टम परियोजनाओं के पूंजीगत अर्जन के लिए संयुक्त सचिव (एयरो सिस्टम) और मेक इन इंडिया, पूंजीगत अर्जन के मेक-I/मेक-II के तहत परियोजनाओं की निगरानी, रक्षा उत्पादन नीति का कार्यान्वयन और रक्षा क्षेत्र में नवाचार से संबंधित मामलों के लिए संयुक्त सचिव (डीआईपी) को रिपोर्ट करते हैं । निदेशालय रक्षा उत्पादन बोर्ड और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग से संबंधित कार्यों के लिए भी जिम्मेदार है । सेनाओं की वार्षिक अर्जन योजना से संबंधित कार्य का रक्षा उत्पादन की ओर से योजना एवं समन्वय निदेशालय द्वारा समन्वय किया जाता है। कार्य तकनीकी स्वरूप का है और रक्षा उत्पादन के विभिन्न विषयों में विश्वसनीय पृष्ठभूमि सामग्री के त्वरित निर्माण की आवश्यकता होती है ।

(ग) इस संबंध में, निदेशक (पीएंडसी) को हथियारों और उपस्करों की प्रौद्योगिकी में प्रगति के बारे में खुद को अवगत रखना होगा। वह उत्पादन इकाई और उपयोगकर्ताओं के परामर्श से उत्पादन संबंधी रक्षा योजना को तैयार करता है और इसे लगातार अद्यतन करता है । निदेशक (पीएंडसी) सेनाओं के साथ निकट संपर्क बनाए रखता है, उनकी भविष्य की आवश्यकताओं का पूर्वानुमान रखता है और योजना बनाता है कि उन्हें मौजूदा क्षमताओं से कैसे पूरा किया जा सकता है एक ओर बजट संसाधनों और दूसरी ओर उपयोगकर्ताओं द्वारा आवंटित प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए नई क्षमताओं की स्थापना करना कहां तक उचित होगा ।

**अनुबंध -II**

## जीनववृत्त प्रोफार्मा

(निदेशक (पी एंड सी) के पद के लिए आवेदन)

1. नाम और पता बड़े अक्षरों में :

2. जन्म तिथि (ईस्वी सन में) :

3. केंद्र/राज्य सरकार के नियमों के तहत सेवानिवृत्ति की तिथि :

4. शैक्षिक अर्हताएं :

5. क्या पद के लिए आवश्यक शिक्षा और अन्य अर्हताएं पूरी हैं (यदि किसी अर्हता को नियमों में निर्धारित अर्हता के समकक्ष माना गया है, तो उसका उल्लेख करे) :

| आवश्यक अर्हता/अनुभव | | अधिकारी की अर्हता/अनुभव |
|---|---|---|
| अनिवार्य: | (क) | |
| | (ख) | |
| | (ग) | |
| वांछनीय | (क) | |
| | (ख) | |

6. कृपया स्पष्ट रूप से बताएं कि क्या आपके द्वारा ऊपर की गई प्रविष्टियों के आलोक में, आप पद की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। :

7. रोजगार का विवरण, कालक्रमानुसार । यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त है तो, आपके हस्ताक्षर द्वारा विधिवत रूप से प्रमाणित एक अलग शीट संलग्न करें :

| कार्यालय/संस्था/संगठन | धारित | पद | से | तक | वेतनमान और मूल वेतन |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | (ख) | (ग) | (घ) | (ङ) | (च) |

ड्यूटी का स्वरूप

8. वर्तमान नियोजन का स्वरूप यानी तदर्थ या अस्थायी या अर्ध-स्थायी या स्थायी :

9. यदि वर्तमान नियोजन प्रतिनियुक्ति/संविदा आधार पर है तो कृपया बताएं- :

(क) प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख

(ख) प्रतिनियुक्ति/संविदा पर नियुक्ति की अवधि

(ग) मूल कार्यालय/संगठन का नाम जिससे आप संबंधित हैं।

10. वर्तमान रोजगार के बारे में अतिरिक्त विवरण । कृपया बताएं कि क्या निम्नलिखित के तहत काम कर रहे हैं :

(क) केंद्र सरकार

(ख) राज्य सरकार

(ग) स्वायत्तशासी संगठन

(घ) सरकारी उपक्रम

(ङ) विश्वविद्यालय

11. क्या संशोधित वेतनमान में हैं ? यदि हां, वह तारीख बताएं जब से संशोधन हुआ और संशोधिन-पूर्व वेतन का भी उल्लेख करें :

12. प्रतिमाह अब आहरित कुल परिलब्धियां :

13. अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो, जिसका आप पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में उल्लेख करना चाहेंगे। यदि स्थान अपर्याप्त हो तो एक अलग शीट संलग्न करें। :

14. क्या अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंधित हैं :

15. टिप्पणियाँ

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

पता...................................

...........................................

दिनांक ..............................

# आवेदन अग्रेषित करते समय नियोक्ता द्वारा दिया जाने वाला प्रमाण पत्र

(i) प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी............................ पदनाम................ द्वारा ऊपर दिए गए विवरण को सेवा अभिलेख से सत्यापित किया गया है और सही पाया गया है।

(ii) यह भी प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी ................................. के विरूद्ध कोई सतर्कता या अनुशासनात्मक मामला लंबित या विचाराधीन नहीं है ।

(iii) अधिकारी की सत्यनिष्ठा संदेह से परे है।

(ii) *पिछले 10 वर्षो के दौरान अधिकारी पर कोई बड़ी/छोटी शास्ति नहीं लगाई गई है ।

(v) *पिछले 10 वर्षो के दौरान लगाई गई बड़ी/छोटी शास्ति की सूची संलग्न है।

* जो लागू न हो उसे काट दें

स्थान:

दिनांक:

अनुलग्नकों की सूची:

मुहर और तारीख सहित नियोजक का हस्ताक्षर

पता: